## चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच मतदान दलों को हुआ सामग्री का वितरण, रवाना हुये मतदान दल

# 14 उम्मीदवारों में कौन बनेगा नेता, मतदाता आज करेंगे चयन







हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषि उपज मंडी परिसर में लोकसभा क्षेत्र खजुराहो के अंतर्गत आने वाले कटनी जिले के विधानसभा विजयराघवगढ़, मुड़वारा एवं बहोरीबंद के नियुक्त मतदानकर्मियों को मतदान सामग्री के साथ ईव्हीएम और वीवीपीएटी का वितरण चाक- चौबंद और कड़ी सुरक्षा के बीच गुरूवार को प्रातः 6 बजे से किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद मतदान सामग्री वितरण कार्य की निगरानी और निरीक्षण के लिए कृषि उपज मंडी परिसर में मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री प्रसाद सामग्री वितरण के दौरान मतदान कर्मियों से भी रू-ब-रू हुये, उनका हौसला बढ़ाया और सफलता पूर्वक मतदान कराने अग्रिम शुभकामनाएं दी। मतदान कर्मियों ने सामग्री वितरण व्यवस्था की तारीफ करते हुये कलेक्टर से कहा कि इससे उनमें उत्साह का संचार हुआ है और मनोबल भी बढ़ा है ।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर सामग्री वितरण स्थल कृषि उपज मंडी मे वर्तमान गर्मी के मौसम को देखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई थी। यहां पर मतदान दलों के लिए कूलर, पंखे, छायादार टेंट, हेल्प डेस्क, मेडिकल सुविधा, छांछ, गुड, चना सहित समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहीं। कृषि उपज मंडी में सामग्री वितरण स्थल में व्यवस्थायें बेहतर होने के कारण तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह निर्धारित समय से मतदान दलों की मतदान दलों की रवानगी भी प्रारंभ हो गई। आसपास के मतदान केंद्रों पर मतदान दलों का पहुंचना भी शुरू हो गया है। मतदान दलों को सामग्री वितरण के लिये तैनात किये गये कर्मचारी सुबह 6 बजे के पहले ही कृषि उपज मंडी पहुँच चुके थे ।

### 23 काउंटर से बटी सामग्री

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर मतदान दलों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कृषि उपज मंडी परिसर में मतदान दलों को सामग्री वितरण करने हर विधानसभा के लिए बड़े-बड़े पंडाल लगाये गए थे। जिनमें कूलर, पंखा और पेयजल सहित बठने के लिए दरी की व्यवस्था थी। मतदान सामग्री वितरण के लिए हर विधानसभा के लिए 23-23 काउंटर बनाए गए थे, ताकि बिना किसी असुविधा के सामग्री वितरण किया जा सके, इन काउंटरों में 690 कर्मचारी तैनात किए गए थे। इसके अलावा माईक्रो आब्जर्वर सेक्टर अधिकारी के अलावा अतिरिक्त काउंटर भी बनाये गए थे। इसके साथ ही सामग्री वितरण स्थल पर मतदान कर्मियों के बैठने की व्यवस्था तथा शुद्ध शीतल पेयजल की व्यवस्था भी बेहतर तरीके से की गई थी। सामग्री वितरण स्थल पर चिकित्सा दलों की भी सभी आवश्यक दवाओं के साथ मौजूदगी रही। तीनों विधानसभा हेतु 865 मतदान केन्द्रों के लिए रिजर्व सहित साढे. तीन हाजर से अधिक मतदान कर्मियों ने सामग्री प्राप्त की। तीनों विघानसभा हेतु 91 सेक्टर अधिकारी की नियुक्ति की गई है।

कृषि उपज मंडी में मतदान सामग्री लेने पहुंचे मतदान दलो में भरपूर उत्साह देखने को मिला। इस दौरान महिला कर्मियो द्वारा भी उत्साह के साथ मतदान सामग्री के मिलान उपरांत अपने मतदान केन्द्र की ओर और निर्धारित बसों में बैठकर रवानगी की गयी। यहां उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के प्रति बहोरीबंद के मतदान दल में शामिल मुकेश राजपूत ने कलेक्टर श्री प्रसाद से मतदान सामग्री वितरण स्थल में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं और व्यवस्थाओं के लिए कलेक्टर के प्रति आभार जताया।

मतदान दलों में नियुक्त कर्मचारियों और मतदान दलों को मतदान केंद्रों तक पहुँचाने में इस्तेमाल किये जाने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को भी बेहतर तरीके से प्लान किया गया, ताकि ट्रैफिक जाम की स्थिति न आये और आवाजाही में किसी को भी परेशानी न हों। चुनाव सामग्री के मिलान उपरांत मतदान दल कृषि उपज मंडी पहरुआ से लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता निभाने उत्साह और उमंग के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुआ।

इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते, रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा और बहोरीबंद एस.डी.एम राकेश चौरसिया सहित अन्य जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

### 14 प्रत्याशी है मैदान में

खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के चुनाव मैदान में 14 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इनमें बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी कमलेश कुमार, भारतीय जनता पार्टी के विष्णुदत्त शर्मा, राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के मोहम्मद इमरान, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के कपिल गुप्ता, राष्ट्रीय जनसंचार दल की केशकली, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के गिरन सिंह, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के नंदकिशोर, इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के पन्ना लाल त्रिपाठी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पंकज मौर्य, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के आर.बी. प्रजापति मैदान में हैं। इसी तरह निर्दलीय अभ्यर्थियों में फिरोज खान, बिटइया अहिरवार, लक्ष्मी प्रसाद, और पेंटर सुनमान सिंह लोधी भी अपनी किस्मत आजमाने चुनाव मैदान में है।

### 735307 मतदाता करेंगे फैसला

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र खजुराहो अंतर्गत आनें वाले जिले के तीन विधानसभा विजयराघवगढ़, मुड़वारा एवं बहोरीबंद के कुल मतदाताओं की संख्या 7 लाख 35 हजार 307 है। जिसमें पुरूष मतदाता 3 लाख 76 हजार 670 तथा महिला मतदाता 3 लाख 58 हजार 611 और अन्य मतदाता 26 है। जिले का जेंडर रेशो 954.7 तथा ई.पी.रेशो 63.23 है।

विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 39 हजार 263 है। जिसमें पुरूष मतदाता 1 लाख 23 हजार 564, महिला मतदाता 1 लाख 15 हजार 696 और अन्य मतदाता 3 है। यहां का जेंडर रेशो 936.3 है तथा ई.पी. रेशो 63.72 है।

मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं कीसंख्या 2 लाख 49 हजार 689 है। जिसमें पुरूष मतदाता 1 लाख 27 हजार 99, महिला मतदाता 1 लाख 22 हजार 578 और अन्य मतदाता 12 है। यहां का जेंडर रेशो 964.4 तथा ई.पी. रेशो 62.53 है।

इसी तरह बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 46 हजार 355 है। जिसमें पुरुष मतदाता 1 लाख 26 हजार 7, तथा महिला मतदाता 1 लाख 20 हजार 337 और अन्य मतदाता 11 है। यहां का जेंडर रेशो 955.0 तथा ई.पी. रेशो 62.67 है।

**खबर संक्षेप**

### दिव्यांग बूथ के मतदान कर्मियों ने सुविधाओं को सराहा

**कटनी।** विधानसभा मुड़वारा के नगरीय क्षेत्र के जालपा देवी वार्ड स्थित शासकीय तिलक राष्ट्रीय स्कूल में मतदान केन्द्र क्रमांक 95 को दिव्यांग बूथ बनाया गया है। इस मतदान केन्द्र के सभी मतदान दल के सदस्य दिव्यांग होने के बाद भी 26 अप्रैल को मतदान कराने के प्रति उमंग और उत्साह से लबरेज है। यहां के पीठासीन अधिकारी रवि प्रसाद यादव, पी-1 राजकमल दहायत, पी-2 वीरेन्द्र कुमार पटेल और पी-3 महेन्द्र शिवहरे तथा पी-2 बी शंकरलाल तिवारी ने मतदान केन्द्र में पहुंचकर यहां उपलब्ध कराये गए पंखे, कूलर और ठंडे पेयजल की व्यवस्थाओं, प्रसाधन और विद्युत व्यवस्था के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की। इस मतदान केन्द्र के बाहर मतदाताओं की सुविधा के लिए गर्मी और तेज धूप से बचाव के लिए टेंट, पेयजल एवं बैठक व्यवस्था हेतु कुर्सियों का बेहतर इंतजाम किया गया है। उल्लेखनीय है कि दिव्यांग मतदान दलों के कर्मचरियों को मतदान कराने हेतु विशेष सत्र आयोजित कराकर विशेष तौर पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

### मतदान कराने रोमांचित है, युवा मतदान दल

**कटनी।** मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 93 के तहत शासकीय प्राथमिक शाला झिंझरी कमरा नंबर 1 महाराणा प्रताप वार्ड क्रमांक 43 के मतदान केन्द्र क्रमांक 243 को यंग मतदान केन्द्र बनाया गया है। इस मतदान केन्द्र को यंग मतदान केन्द्र के रूप में स्थापित किया गया है। युवा मतदान केन्द्र के पीठासीन अधिकारी सोमनाथ पटेल ने मतदान केन्द्र में मतदान दलों और मतदाताओं के लिए मुहैया कराई गई सुविधाओं के प्रति खुशी जाहिर किया है। इस मतदान केन्द्र मे तैनात मतदान दल के सभी कर्मी युवा है और 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से मतदान कराने उत्सुक और रोमांचित है। युवा मतदान केन्द्र मे पी-1 के रूप मे विशाल मूलचंदानी, पी-2 चन्द्रकांत झारिया, पी-3 आशीष मिश्रा नियुक्त है।

### दादाजी के निधन के बाद भी कर्तव्यों का निर्वहन

**कटनी।** बहोरीबंद बाकल के नायब तहसीलदार आदित्य द्विवेदी के दादाजी का निधन गुरुवार की सुबह सात बजे हो गया है। बावजूद इसके कृषि उपज मंडी पहरुआ पहुंच कर नायब तहसीलदार श्री द्विवेदी चुनाव सामग्री वितरण कार्य कर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। कर्तव्यों के प्रति उनकी इस लगनशीलता की एस डी एम बहोरीबंद राकेश चौरसिया ने सराहना की है। लोकतंत्र के महापर्व के प्रति उनकी कर्तव्य भावना की प्रशंसा की है। साथ ही एस डी एम ने उनकी सुविधा के अनुसार नायब तहसीलदार श्री द्विवेदी को अंतिम संस्कार में शामिल होने की स्वीकृति प्रदान की है।

### आज सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के मुताबिक खजुराहो लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटनी जिले के विजयराघवगढ़, मुडवारा और बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह साढ़े पाँच बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट सुबह साढ़े पाँच बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉक पोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉक पोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉक पोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा।

**हस्ताक्षर से पहले बांयी तर्जनी पर लगाई जाएगी अमिट स्याही**

## अंगुली का निरीक्षण करेंगे अधिकारी, इंकार करने पर मतदान नहीं करने दिया जायेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक लोकसभा चुनाव में मतदान केन्द्र पर वोट डालने पहुंचे मतदाता की बायीं तर्जनी पर अमिट स्याही का निशान मतदाता रजिस्टर पर उसके हस्ताक्षर करने के पहले लगाया जायेगा। ऐसा इसलिए किया जायेगा ताकि मत देने के बाद मतदाता के मतदान केन्द्र छोड़ने तक अमिट स्याही को सूखने और एक सुस्पष्ट अमिट चिन्ह बनने के लिए पर्याप्त समय मिल जाये। मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही नाखून से लेकर अंगुली के पहले पोर तक लगायी जायेगी।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अमिट स्याही लगाने के पहले मतदान अधिकारियों द्वारा मतदाता की बायीं तर्जनी का निरीक्षण भी किया जायेगा। यदि निरीक्षण में यह देखने में आता है कि किसी मतदाता ने अमिट स्याही के चिन्ह को प्रभावहीन करने के लिए अपनी अंगुली पर तैलीय या चिकनाईयुक्त पदार्थ लगा लिया है तो मतदान अधिकारी द्वारा उस मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही का चिन्ह लगाने के पहले किसी कपड़े के टुकड़े की सहायता से ऐसा तैलीय या चिकनाईयुक्त पदार्थ को हटा दिया जायेगा ।

आयोग के निर्देशों में मतदान अधिकारियों से स्पष्ट कहा गया है कि यदि कोई मतदाता निर्देशों के विपरीत अपनी बायीं तर्जनी का निरीक्षण करने या अमिट स्याही लगाने से इंकार करे या उसकी बायीं तर्जनी पर ऐसा कोई चिन्ह पहले से ही हो अथवा वह स्याही को हटाने की दृष्टि से कोई भी कृत्य करे तो उसे मत देने के लिए अनुमति नहीं दी जाये।

आयोग ने यह भी कहा है कि मतदाता को अपना मत रिकार्ड करने के लिए मतदान कक्ष में जाने की अनुमति देने के पहले नियंत्रण यूनिट के प्रभारी मतदान अधिकारी द्वारा भी उसकी अंगुली की दुबारा जांच की जानी चाहिए। यदि मतदाता ने स्याही को हटा दिया है या स्याही का चिन्ह अस्पष्ट है तो उसकी बायीं तर्जनी पर दुबारा अमिट स्याही का चिन्ह लगा दिया जाये।

आयोग के मुताबिक मतदान कर चुके मतदाता की पहचान के लिए अमिट स्याही का चिन्ह मतदाता की बायीं तर्जनी की अंगुली पर लगाया जायेगा। लेकिन यदि किसी मतदाता की बायीं तर्जनी न हो तो अमिट स्याही उसकी ऐसी किसी भी अंगुली में लगाई जायेगी जो उसके बायें हाथ में हो । यदि उसके बाये हाथ में कोई भी अंगुली न हो तो स्याही उसकी दायें हाथ की तर्जनी पर लगाई जायेगी और यदि उसके दायें हाथ की तर्जनी भी न हो तो उसकी दायीं तर्जनी से प्रारंभ करते हुए उसके दायें हाथ की किसी भी अन्य अंगुली पर स्याही लगाई जायेगी । परन्तु यदि किसी मतदाता के किसी भी हाथ में कोई भी अंगुली न हो तो स्याही उसके बायें या दायें हाथ के ऐसे सिरे (ठूंठ) पर जो भी उसके हो लगायी जायेगी।

### कलेक्टर ने मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं का लिया जायजा




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने गुरूवार को प्राथमिक शाला झिंझरी स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 243 में बने युवा मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं और सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान दलों से चर्चा की, यहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस पर यहां के पीठासीन अधिकारी सोमनाथ पटेल ने मतदान कर्मियों और मतदाताओं के लिए की गई बेहतर सुविधाओं की जानकारी दी। यहां ठहरे मतदान कर्मियों के लिए कूलर, पंखे के साथ - साथ साफ - सुथरा शौचालय और शीतल पेयजल की उपलब्धता पर मतदान कर्मियों ने खुशी जाहिर की। इस मतदान केन्द्र में तैनात मतदान दल के सभी कर्मी युवा है और 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से मतदान कराने उत्सुक और रोमांचित है। युवा मतदान केन्द्र मे पी-1 के रूप मे विशाल मूलचंदानी, पी-2 चन्द्रकांत झारिया, पी-3 आशीष मिश्रा नियुक्त है।

### दिव्यांग, वृद्ध, गर्भवती एवं धात्री मतदाताओं को मतदान मिलेंगी सुविधांए

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र खजुराहो की विधानसभा विजयराघवगढ़, मुड़वारा और बहोरीबंद अंतर्गत दिव्यांगजन, वृद्धजन, गर्भवती एवं धात्री मतदाताओं को मतदान केन्द्र में प्रवेश के लिए रैम्प की सुविधा दी गई है, ताकि वृद्ध, दिव्यांग व्हीलचेयर के माध्यम से सुगमता पूर्वक मतदान कक्ष तक जा सकें और मतदान कर सकें।

प्रत्येक मतदान केन्द्र पर दिव्यांग, वृद्धों, गर्भवती, धात्री महिला मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था कराई गई है। मतदान हेतु आने वाले दिव्यांग वृद्धों, गर्भवती, धात्री महिलाओं को पीठासीन अधिकारी प्राथमिकता से बिना कतार के मतदान करायेगें। व्हीलचेयर मतदान कक्ष के अंदर मत प्रकोष्ठ तक ले जाई जा सकेगी। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के सुगम मतदान हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर दिव्यांग मित्र समन्वयक नियुक्त किये गए है जो गर्भवती, धात्री महिलाओं एवं शारीरिक रूप से कमजोर महिलाओं को मतदान केन्द्र में लाने में सहायता करेंगे। मतदान हेतु आने वाली धात्री महिलाओं के शिशुओं की देखभाल मतदान करने की अवधि में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के द्वारा की जावेगी।

लोकसभा निर्वाचन 2024 विधानसभा विजयराघवगढ़, मुड़वारा और बहोरीबंद संसदीय क्षेत्र शहडोल मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 में कुल मतदान केन्द्र 865 में उपरोक्तानुसार व्यवस्थायें जिला निर्वाचन अधिकारी कटनी के द्वारा सुनिश्चित कराई गई है।

## वैकल्पिक दस्तावेजों से भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को, जिन्हें फोटो पहचान पत्र जारी किया गया है, उन्हें मतदान से पहले मतदान केंद्र पर अपनी पहचान के लिए फोटो पहचान पत्र (ईपिक) प्रस्तुत करना होगा। वे मतदाता, जो फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवि प्रसाद ने बताया की इन 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र,राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी शामिल है, में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। यदि वोटर आईडी कार्ड में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने से मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस स्थिति में भी मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाना होगा।

**आदेश का उल्लंघन करने पर हुई कार्यवाही, स्लीमनाबाद का मामला**

## बिना अनुमति बोर करनें पर दर्ज हुई एफ.आई.आर, मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाइन के उल्लंघन और कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कटनी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के आदेश का पालन नहीं कर बिना अनुमति लिए बेरिंग करने वाले बोरिंग मशीन मालिक ब्रमहदत्त पटेल के विरूद्ध स्लीमनाबाद पुलिस थाना में बुधवार को एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है। सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाइन और कलेक्टर द्वारां जारी आदेश के उल्लंघन पर यह एफ.आई.आर दर्ज की गई है। साथ ही खेत में बोर करने वाली बोरिंग मशीन लीलेंड वाहन को जब्त किया गया है।

जिले मे वर्तमान में मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम लागू होने के कारण बिना अनुमति नलकूप खनन पाये जाने वाली फर्म, ठेकेदारों, खनन एजेंसी और व्यक्तियों व संस्थाओं पर कार्यवाही हेतु सुप्रीम कोर्ट द्वारा भी गाईडलाइन जारी की गई है। गाईडलाइन के



अनुसार बोरवेल और टयूबवैल खनन के लिए सक्षम अधिकारी के पास कम से कम 15 दिन की अग्रिम लिखित सूचना देने की अनिवार्यता है। अनुमति मिलने के बाद ही खनन कार्य कराया जाना था। साथ ही भूमिगत स्त्रोंतों से जल प्राप्त करने हेतु नलकूपों का खनन कार्य करने के बाद जिन नलकूपों में जलआवक क्षमता प्राप्त नहीं होती है या कम प्राप्त होती है उन नलकूपों को सुरक्षित किये बिना खुला छोड दिया जाता है जो छोटे बच्चों के गिरने का कारण बनते है जो गाईडलाइन का उल्लंघन है।

### आदेश के उल्लंघन पर कार्यवाही

कलेक्टर श्री प्रसाद ने हाल ही मे बीते 28 मार्च को एक आदेश जारी कर जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया था। इसके तहत कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा प्राईवेट ठेकेदार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किये बिना किसी भी प्रयोग के लिए नवीन नलकूप का निर्माण नहीं कर सकेंगा। इसी के उल्लंघन पर स्लीमनाबाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### यह है मामला

स्लीमनाबाद तहसील के अंतर्गत ग्राम स्लीमनाबाद स्थित खेत हल्का नंबर 31 खसरा नंबर 325/1 मे बीते 24 अप्रैल बुधवार को बालेराम गडरिया के खेत मे बिना अनुमति बोर होने की सूचना दी। बताया कि ग्राम में कुठला निवासी पटेल बोरवेल कंपनी के मालिक ब्रम्हदत्त पटेल निवासी पिता सीताराम पटेल द्वारा वाहन क्रमांक एम.पी 19 एच.ए 4519 लीलेंड बोरिंग मशीन को जितेन्द पिता जग्गा वर्मा निवासी झुकेही वाहन चालक से खेत मे नवीन बोर कराया जा रहा था। हल्का पटवारी द्वारा मौका जांच कर पंचनामा तैयार किया गया। जिसमे कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा हाल ही में जारी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के आदेश का स्पष्टतः उल्लंघन पाया गया।

### इन धाराओं में दर्ज हुई प्राथमिकी

ग्राम महंगवा कोटवार द्वारा स्लीमनाबाद पुलिस थाना कुठला निवासी पटेल बोरवेल कंपनी के मालिक ब्रम्हदत्त पटेल निवासी पिता सीताराम पटेल के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत एफ.आई.नंबर 0217 दर्ज कराई गई है।

## करंट प्रवाहित विद्युत तार टूटकर नीचे आ गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गुरूवार की शाम शहर के व्यस्ततम इलाके बरही रोड में अचानक में हाई टेंशन लाइन टूटकर सड़क पर गिर गई। हाई टेंशन लाइन जिस समय टूटी उस समय इस मार्ग में भारी संख्या में लोगों की आवाजाही हो रही थी। सड़क के बीचों-बीच बिजली की मेंन लाइन टूट कर गिरने से हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पार्षद तत्काल वहां पहुंच गए और बड़ी ही सावधानी पूर्वक बिजली की तार को सुरक्षित करते हुए लोगों को सतर्क करने में जुट गए। साथ ही उन्होंने तत्काल घटना की सूचना विभाग के अधिकारियों को देते हुए तुरंत ही वहां पर सुधार कार्य भी शुरू करा दिया।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि गुरुवार देर शाम अचानक बरही रोड के ऊपर से गुजरने वाली बिजली की मेंन लाइन टूटकर नीचे गिर गई। जो लाइन टूट कर गिरी उसमें करंट दौड़ रहा था। मेन लाइन टूटने के कारण अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। जैसे ही इस घटना की सूचना पार्षद को लगी तो वह भी घटनास्थल पर पहुंच गए और उन्होंने टूटी हुई तार को सुरक्षित कराया और घटना की सूचना विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी। पार्षद के प्रयासों से तत्काल ही बिजली विभाग के कर्मचारी घटना स्तर पर पहुंच गए और उन्होंने उस लाइन में विद्युत प्रवाह बंद करते हुए सुधार कार्य शुरू कर दिया। समय रहते पार्षद की सक्रियता के कारण लोग हादसे का शिकार होने से बच गए।

## खबर संक्षेप

### मतदान दिवस और मतगणना के लिए शुष्क दिवस किया घोषित

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने कटनी जिले के लोकसभा क्षेत्र खजुराहो के लिए मतदान दिवस 26 अप्रैल और मतगणना दिवस 4 जून के लिए जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों विजयराघवगढ़, मुडवारा एवं बहोरीबंद के अंतर्गत संचालित मदिरा विक्रय केन्द्रों हेतु मतदान के 48 घंटे पूर्व एवं मतगणना दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा लोकसभा क्षेत्र खजुराहो के अंतर्गत मतदान दिवस 26 अप्रैल को जिले की मुड़वारा, विजयराघवगढ़ एवं बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र की सीमा से तीन किलोमीटर दूरी तक आने वाली समस्त मदिरा विक्रय केन्द्रों हेतु 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने मतगणना दिवस 4 जून को जिले के अंतर्गत संचालित समस्त मदिरा विक्रय केन्द्रों हेतु 3 जून की रात्रि 11:30 बजे से 5 जून को प्रातः 8:30 बजे तक शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस में संपूर्ण जिले की परिसीमा मे स्थित एवं संचालित समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानें, होटल बार, एफएएल 3, क्लब बार एफएएल 4, रेस्तरा बार एफएएल 2, वाईन फ्रेंचायजी शाप एवं अन्य अनुज्ञप्त मदिरा केन्द्र बंद रहेंगे। साथ ही जिले मे मदिरा का क्रय-विक्रय, विनिर्माण, परिवहन एवं संग्रहण भी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### बूथ में मोबाइल उपयोग को लेकर निर्देश जारी

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किये हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त किये गये शासकीय सेवक ही मोबाइल फोन के उपयोग हेतु अधिकृत होंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं दल के अन्य सदस्य को मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान अपने मोबाइल फोन साइलेंट मोड़ में रखना होगा। वे केवल सेक्टर अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन प्रेक्षक से निर्वाचन सबंधी वार्तालाप अथवा अन्य अति आवश्यक परिस्थिति में मतदान केंद्र से बाहर निकलकर वार्तालाप के लिये मोबाईल फोन का उपयोग कर सकेंगे । बूथ लेवल ऑफिसर को वोटर असिस्टेंट बूथ पर तैनाती के दौरान ही अपने मोबाइल फोन के उपयोग की अनुमति होगी।

### तीन विधानसभा क्षेत्र में आज सुबह 7 बजे से होगा मतदान

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के मुताबिक शहडोल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटनी जिले के विजयराघवगढ़, मुड़वारा एवं बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह साढ़े पाँच बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट सुबह साढ़े पाँच बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा।

### नवीन बाजपेई ने किया विद्यालय का नाम रोशन

**ढीमरखेड़ा।** ग्राम पचपेड़ी उमरियापान निवासी शैलेश अंजना बाजपेई के सुपुत्र नवीन वाजपेई ने कक्षा आठवीं में 86% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया । नवीन सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय उमरियापान के छात्र हैं इनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य, शिक्षक,परिजन एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत धरवारा के जंगल में हुआ हादसा, राहगीरों ने दी सूचना

# बारातियों से भरा पिकअप पलटा, एक दर्जन से अधिक लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत धरवारा के जंगल में बरातियों से भरा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। आसपास से गुजर रहे लोगों ने पुलिस विभाग एंबुलेंस 108 को सूचना दी। जिससे लगभग दो दर्जन घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान पहुंचाया गया है।

जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना अंतर्गत विलायतकला से आदिवासी परिवार की बरात ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत धरवारा गांव में बुधवार की रात को आई थी। शादी समारोह के बाद बराती गुरुवार की सुबह पिकअप वाहन से वापस विलायतकला लौट रहे थे। सुबह पांच बजे जैसे ही उनका वाहन ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत धरवारा, डुरहा के जंगल में पहुंचा, अनियंत्रित हो गया और पलट गया। दुर्घटना में पिकअप वाहन में सवार दो दर्जन बराती घायल हो गए। सुबह मार्ग से गुजर रहे लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस 108 को सूचना दी। मौके से घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान में भर्ती कराया गया। दुर्घटना में प्यारे लाल कोल 34 वर्ष, संजय कोल 25 वर्ष, दुर्गेश कोल 17 वर्ष, इतुआ कोल 52 वर्ष, देवराज कोल 36 वर्ष, प्रेमलाल कोल 48 वर्ष, नरेश, सुभाष, समनू, सुखीदीन सहित अन्य ग्रामीण घायल हुए हैं। बताया जाता है कि वाहन जंगल में पलटने के बाद पेड़ में जाकर टिक गया, नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी।



गौरतलब है कि नियमों को दरकिनार कर मालवाहक वाहनों में ओवरलोड सवारियां ढोई जा रही हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में लोडिंग वाहनों के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान में मजदूरी कराने मजदूरों को भेड़ बकरियों की तरह ढोया जा रहा है। कई बार ओवरलोडिंग के चलते हादसे भी हो चुके हैं जिसमें मजदूरों की जाने भी जा चुकी है बावजूद इसके जिम्मेदार अमला इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिससे मनमानी चल रही है। वैवाहिक सीजन में भी गरीब तबके के लोग ट्रेक्टरों व पिकअप वाहनों के माध्यम से सफर करते हैं।

#### अधिकारी जान बूझकर उदासीन

लोडर वाहन में मजदूरों को भरकर ले जाने के नजारे आसानी से देखे जा सकते हैं। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में लोडर वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर हादसों को न्यौता दिया जा रहा है। कई बार तो ओवरलोडेड वाहन थाने के सामने से गुजर जाते हैं। इसके बाद भी पुलिस के आला अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इन ओवर लोड वाहनों पर न तो परिवहन विभाग के ओर से कोई कार्रवाई की जा रही है और न ही पुलिस प्रशासन इसकी ओर कोई ध्यान दे रहा है। मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने वालों पर कार्रवाई ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जिसके चलते मालवाहक वाहनों में धड़ल्ले से सवारी ढोई जा रही हैं।

# चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु पर मिलेगी अनुग्रह राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान एवं सुरक्षा कर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें चुनाव संबंधी सभी प्रकार की ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपीएस, राज्य पुलिस, होम गार्ड के सभी सुरक्षाकर्मी, कोई भी निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर आदि जिसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया गया हो और बीईएल एवं ईसीआईएल इंजीनियर भी शामिल हैं, जो प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी), ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हुए हैं।

आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि किसी व्यक्ति को प्रशिक्षण सहित किसी भी चुनाव संबंधी कार्य के लिए रिपोर्ट करने के लिए निवास, कार्यालय छोड़ते ही चुनाव ड्यूटी पर होना माना जायेगा, जब तक वह अपने कार्य प्रदर्शन के बाद अपने निवास, कार्यालय वापस नहीं पहुंच जाता। यदि इस अवधि के दौरान कोई दुर्घटना होती है, तो इसे चुनाव ड्यूटी पर हुई घटना के रूप में माना जायेगा।

बीईएल, ईसीआईएल इंजीनियरों के लिए, प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) ड्यूटी की अवधि और वह अवधि जिसके लिए अधिकारी को कमीशनिंग, मतदान, मतगणना व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है, को चुनाव ड्यूटी अवधि में माना जाएगा।

निर्वाचन ड्यूटी के दौरान अगर मौत उग्रवाद या असामाजिक तत्वों के किसी हिंसक कृत्य जैसे सड़क पर खदान, बम विस्फोट, सशस्त्र हमले और कोविड-19 के कारण मौत होती है, तो 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि कर्मचारी के परिजन को मिलेगी। इसके अलावा किसी अन्य कारण से मृत्यु होने पर 15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मिलेगी। चरमपंथी या असामाजिक तत्वों की संलिप्तता के कारण स्थायी विकलांगता होती है तो 15 लाख रुपये और गंभीर चोट के परिणामस्वरूप स्थायी विकलांगता, जैसे अंग की हानि, आंख की दृष्टि, आदि के मामले में 7.5 लाख रुपये दिये जायेंगे। अनुग्रह राशि का भुगतान गृह मंत्रालय द्वारा उसके मौजूदा दिशा निर्देशों के तहत पहले से ही भुगतान किए जा रहे मुआवजे और राज्य सरकार या किसी नियोक्ता द्वारा भुगतान किए गए किसी भी अन्य मुआवजे के अतिरिक्त होगा।

विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को दी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं

# बसाड़ी की छात्र छात्राओं ने दसवीं एवं 12वीं में सफलता का लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा जनपद अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसाड़ी में कक्षा दसवीं एवम कक्षा बारहवीं मे अध्ययन रत छात्र छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल कर अपने विद्यालय, स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाओं व अपने परिजनों तथा अपने ग्राम का नाम रोशन कर सभी को गौरवान्वित किया है। कक्षा दसवीं एवम कक्षा बारहवीं में 88- 88 छात्र अध्ययन रत थे। जिसमें कक्षा दसवीं की होनहार छात्रा कुमारी दीपा पटेल ने 500 में 476 अंक अर्जित कर 95.2% अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।





कक्षा बारहवीं में जीव विज्ञान संकाय की छात्रा आकांक्षा पटेल ने 500 में से 438 अंक प्राप्त कर 87.6% अंकों के साथ विद्यालय में अब्बल स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय में अध्यनरत इन दोनों छात्राओं ने 10वीं 12वीं बोर्ड की परीक्षा में श्रेष्ठ सफलता अर्जित कर विद्यालय एवं अपने गुरुजनों तथा अपने परिजनों का मान बढ़ाया है। कक्षा दसवीं के 11 छात्र छात्राओं ने 75% से अधिक अंक हासिल किए हैं। हेमा पटेल ने 90.4%, नयन कुमार 83.2%, आँचल विश्वकर्मा82.8%, दीपक 82.4%, अनुराग विश्वकर्मा 82.2%,शिवम सिंह 80.8%, विनय 79. 8% जागृति पटेल 78.6 प्रतिशत वसुंधरा चौधरी 77.4 प्रतिशत अनामिका पटेल ने 76.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं कक्षा 12वीं के छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक तंत्र प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है जिसमें से हिमांशु राय 84.4 प्रतिशत, यश सोनी 80.8 प्रतिशत, कविता पटेल 77%, आशीष पटेल 76.2%, सपना पटेल ने 75% अंक अर्जित किए हैं।

विद्यालय के प्राचार्य जे. एल. बुनकर, परीक्षा प्रभारी डॉक्टर विजय पटेल, वरिष्ठ शिक्षक एन. पी. पटेल, श्रीमती पुष्पलता दुबे, श्रीमती पूनम गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं।

## खेत में लगा दी आग, लाखों के सागौन जलकर खाक



सिलौंडी चौकी के अंतर्गत नेगाई में रामलाल काछी ने जिला पंचायत सदस्य के पुत्र के सागौन के खेत में आग लगा दी जिसके कारण लभगभ 1600 पौधे के सागौन पूरी तरह जलकर खाक हो गये ।जिसमें लगभग 15 लाख का नुकसान हुआ ।पुलिस ने घटनास्थल पर पहुँचकर मामले की जाँच शुरू कर दी ।पुलिस ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने सुबह मेरे फार्म हाउस के कर्मचारी ने फोन कर बताया कि रामलाल काछी ने सागौन के खेत में कब्जा करने के उद्देश्य से सागौन के खेत में आग लगा दी ।जिसके कारण मेरा 15 लाख का नुकसान हुआ। रामलाल काछी ने मेरे पुत्र के नाम 2 एकड़ जमीन एवँ सरकरी 10 एकड़ पर अवैध कब्जा किया हुआ ।नेगाई में अनेक जगह में जमीन में कब्जा ,सरकारी जगह में बाउंड्री एवँ बोर किया है ।उसके नाम पर कोई जमीन नहीं है। पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दीं ।

# सर्वाधिक मतदान और में पूर्व के प्रतिशत में 10 या अधिक की वृद्धि पर मिलेगी पुरस्कार राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों मे 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में सभी मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें ताकि मतदान प्रतिशत बढे। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने अभिनव नवाचार किया है। इसके तहत लोकसभा निर्वाचन में मतदान केन्द्रों पर सर्वाधिक मतदान प्रतिशत एवं मतदान केंद्र में पूर्व के मतदान के प्रतिशत मे 10 प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धि होने पर उस मतदान केन्द्र के बी.एल.ओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सचिव और ग्राम रोजगार सहायकों व वार्ड दरोगा को तीन वर्गों में ग्रामीण और नगरीय निकायों को मिलाकर कुल एक लाख 80 हजार रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी।

नगर निगम क्षेत्र में से किन्ही 3 मतदान केन्द्रों का चयन किया जायेगा जिसमे कार्य करने वाले बी.एल.ओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य नगर निगम द्वारा प्रस्तावित को पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों से किन्ही 3 मतदान केन्द्रों का चयन किया जाकर कुशल कार्य करने वाले बी.एल.ओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक को राशि प्रदान की जायेगी।

नगर निगम एवं न गरीय निकाय हेतु बी.एल.ओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं वार्ड दरोगा नगर निगम व नगरीय निकाय द्वारा प्रस्तावित मतदान केन्द्र हेतु प्रथम श्रेणी के अंतर्गत सर्वाधिक मतदान पर 20 हजार रूपये एवं पूर्व में मतदान केन्द्र में मतदान के प्रतिशत में 10 प्रतिशत या उससे अधिक वृद्धि पर 20 हजार रूपये प्रदान किया जायेगा।

द्वितीय श्रेणी के अंतर्गत सर्वाधिक मतदान पर 15 हजार रूपये एवं पूर्व में मतदान केन्द्र में मतदान के प्रतिशत में 10 प्रतिशत या उससे अधिक वृद्धि पर 15 हजार रूपये प्रदान किया जायेगा। जबकि तृतीय श्रेणी के अंतर्गत सर्वाधिक मतदान पर 10 हजार रूपये एवं पूर्व में मतदान केन्द्र में मतदान के प्रतिशत में 10 प्रतिशत या उससे अधिक वृद्धि पर 10 हजार रूपये प्रदान किया जायेगा।

ग्रामीण क्षेत्र हेतु सर्वाधिक मतदान पर मतदान केन्द्र के कर्मियों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर 20, 15 और 10 हजार रूपये की पुरस्कार राशि और मतदान केन्द्रों में पूर्व में हुए मतदान के प्रतिशत मे 10 या उससे अधिक की वृद्धि पर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर 20, 15 और 10 हजार रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

महिला मतदान कर्मियों के जज्बे को देखकर किया हौसला अफजाई

# कलेक्टर ने दर्जन भर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने गुरुवार की सुबह कृषि उपज मंडी परिसर से मतदान कर्मियों को सफलता पूर्वक मतदान कराने की अग्रिम शुभकामनाएं देकर और ''आल द बेस्ट'' कहकर रवाना करने के बाद देर शाम एक दर्जन से अधिक मतदान केन्द्रों में पहुंचकर यहां मतदान कर्मियों की सुविधाओं और मतदाताओं के लिए पेयजल, छाया और प्रसाधन की उपलब्धता सहित विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में रिचार्जेबल बल्व के इंतजामों का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने उम्मीदवारों के भाग्य की पेटी लेकर मतदान केन्द्रों मे पहुंचे मतदान केन्द्र कर्मियों से संवाद कर सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस पर मतदान कर्मियों ने उन्हे यहां पहुंचने पर मतदान केन्द्र में दोपहर मे मिले खाने की गुणवत्ता सहित सभी व्यवस्थाएं मुफीद और दुरुस्त होने की जानकारी दी। कलेक्टर श्री प्रसाद ने मतदान कर्मियों से कहा कि आप में से अधिकांश निर्वाचन कार्य के नजरिये से अनुभवी है इसलिए



आप सब निर्वाचन कार्य को पूरे मनोयोग से करते हुए बेहतर अंजाम दे सकेंगे। उन्होने मतदान कर्मियों खासकर महिला मतदान कर्मियों के जोश और जज्बे की सराहना करते हुए सभी मतदान कर्मियों की हौसला अफजाई की। मतदान केन्द्रों मे पहुचे मतदान दलों का स्थानीय जनों ने तिलक वंदन कर मतदान कर्मियों का स्वागत किया।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने गुरुवार की शाम बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के गुदरी मतदान केन्द्र क्रमांक 128, 129, तिवारी मतदान केन्द्र क्रमाक 120, 121,122 और 123, पिपरिया परौहा मतदान केन्द्र क्रमांक 113, 114, कैमोरी मतदान क्रमांक 96 शासकीय माध्यमिक शाला कैमोरी, करहैया मुडवारा विधानसभा क्षेत्र के गनियारी, गुलवारा, झिंझरी सहित के.डी.ए कार्यालय स्थित मतदान केन्द्र, दिगंबर जैन उच्चतर माध्यमिक शाला, शासकीय मोहनलाल पुरवार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिविल लाईन गणेश चौक सहित ईश्वरी पुरा वार्ड स्थित पुरवार पुत्री शाला का निरीक्षण कर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

खजुराहो लोकसभा सीट के लिए जिले की तीन विधानसभा में आज होगी वोटिंग

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें सभी मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अवि प्रसाद ने खजुराहो लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विजयराघवगढ़, मुड़वारा एवं बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाते हुए मतदान करने का आह्वान किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने यहां के सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि शुक्रवार 26 अप्रैल को अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचकर शत-प्रतिशत मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें।

उन्होंने कहा कि नागरिक समृद्ध लोकतांत्रिक परम्पराओं के संवाहक हैं। मतदाताओं के सक्रिय सहभागिता से ही लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक परम्परा को और अधिक समृद्ध बनाने और संवैधानिक कर्त्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है। श्री प्रसाद ने कहा है कि लोकतंत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण सोपान है। निर्वाचन प्रक्रिया में खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विजयराघवगढ़, मुड़वारा और बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता का मत महत्वपूर्ण है। लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये शुक्रवार 26 अप्रैल को मतदान हो रहा है। उन्होंने विजयराघवगढ़, मुड़वारा एवं बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता से स्वतंत्र और निर्भीक होकर मतदान अवश्य करने की अपील की है।

कलेक्टर ने कहा है कि सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सहज, सुगम और समावेशी बनाने के लिये कटनी जिले में पहली बार मतदान में मुख्य रूप से दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिये विशेष सुविधायें प्रदान की गई हैं। इन मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गयी थी।

सक्षम एप के माध्यम से कोई भी दिव्यांग मतदाता अपने लिये व्हीलचेयर या अन्य सहायक उपकरण के लिये अनुरोध कर सकते हैं। बुजुर्गों को कतार में न लगाना पड़े, इसके लिए उन्हे पहले मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। सभी मतदान केंद्रों पर छाया, पीने के पानी एवं शौचालय की समुचित व्यवस्थायें की गई हैं।

#### डेढ़ घंटे पहले होगा मॉक पोल

लोकसभा का चुनाव कराने नियुक्त मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को अपने-अपने मतदान केन्द्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल (दिखावटी मतदान) कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मॉक पोल में कम से कम 50 मतों का होना चाहिए और इसे उम्मीदवारों के मतदान अभिकर्ताओं की मौजूदगी में कराना चाहिए। पीठासीन अधिकारी को मॉक पोल के परिणामों से मतदान अभिकर्ताओं को अवगत कराना होगा । निर्वाचन आयोग के मुताबिक पीठासीन अधिकारी मतदान प्रारंभ होने के डेढ़ घंटे पूर्व मॉक पोल (दिखावटी मतदान) करायेंगे। मॉक पोल प्रारम्भ करते समय कम से कम दो अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्त्ता उपस्थित रहना चाहिये । यदि मॉक पोल के समय कोई भी मतदान अभिकर्त्ता उपस्थित न हो, ऐसी स्थिति में पीठासीन अधिकारी अधिक से अधिक 15 मिनट मॉक पोल शुरू करने के लिये प्रतीक्षा कर सकता है, और यदि तब भी कोई मतदान अभिकर्त्ता नहीं आते हैं तो पीठासीन अधिकारी मॉक पोल शुरू कर सकते हैं । मॉक पोल में यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान कोष्ठ में सभी अभ्यर्थियों के लिए मत डाले गये हैं ।

निर्वाचन आयोग के अनुसार मॉक पोल (दिखावटी मतदान) प्रारंभ करने के पहले ईव्हीएम की बैलेट यूनिट तथा वीपेट को मतदान प्रकोष्ठ में रखना होगा, जबकि ईव्हीएम की कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी अथवा उस मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा, जो बैलट यूनिट और व्हीव्हीपेट मशीन सही प्रकार से जोड़ने के बाद कंट्रोल यूनिट का इस्तेमाल करेगा । मॉक पोल में डाले गये मतों का अभिलेख पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी को रखना होगा ।

# पुलिस ने राजस्थान से बरामद किया लापता बालिका को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं डॉ. संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व श्रीमति ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना माधवनगर पुलिस द्वारा अपहृता 16 वर्षीय बालिका को 24 घण्टे के अन्दर नान्ता कोटा (राजस्थान) से दस्तयाब कर उसके माता पिता के सुपुर्द कर परिवारजनों के चेहरे पर लाई मुस्कान।

पुलिस के अनुसार 22 अप्रैल को पीड़ित निवासी माधवनगर के द्वारा बताया कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिक लड़की अपने घर से बिना बताये कही चली गई है । पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने तत्काल ही अपराध धारा 363 भादवि का मामला पंजीबद्ध कर लिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्परतापूर्वक तलाश पतासाजी करते हुए अपने मुखबिर तंत्र एवम् तकनीकी रूप से पातासाजी की तो पता चला कि अपहृता बालिका राजस्थान जाने वाली ट्रेन में बैठे हुए जा रही है। सम्बन्धित थाना आर पी एफ/ जीआरपी को सूचित करते हुए बालिका को नान्ता कोटा (राजस्थान) पहुंचीं जिसे संयुक्त टीम की मदद से अपहृत बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया। बालिका को दस्तयाब कर माता पिता को सौंपा गया है।

बच्ची को सकुशल पाकर माता पिता ने माधवनगर पुलिस की भूरी भूरी प्रसंशा की है। अपहृता की दस्तयाबी में सराहनीय कार्य में अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर, सउनि शषि भूषण सिंह, प्रधान आरक्षक प्रशान्त विश्वकर्मा साइबर सेल, प्रधान आरक्षक भुवनेश्वर बागरी, आरक्षक पंकज यादव, आरक्षक अमित पाण्डेय की अहम भूमिका रही है।

## खबर संक्षेप

### शिवांश राज चौधरी का सुयश

**पवई** । नॉलेज किंगडम पब्लिक स्कूल के छात्र शिवांश राज चौधरी ने कक्षा 8 वीं 91.6 % के साथ सफलता हासिल कर संस्था एवं परिवार का नाम रोशन किया है।

### नंदिनी का सुयश

**पन्ना**। जिले के इटवा कला हाल पन्ना निवासी प्रतिष्ठित व्यापारी चंद्रभान गुप्ता श्रीमती वंदना गुप्ता की पुत्री एवं रामसेवक गुप्ता श्रीमती पूनम गुप्ता की नातिन कुमारी नंदिनी गुप्ता ने कक्षा 12 गणित समूह में 500 अंकों में से 459 अंक प्राप्त करके सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त की है। 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।कुमारी नंदिनी गुप्ता पन्ना शहर के रॉयल पब्लिक स्कूल की छात्रा है। नंदनी गुप्ता ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

### नेन्सी मिश्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

**पन्ना**। हाई स्कूल (दसवीं बोर्ड)के परिणाम में नैंसी मिश्रा पिता रामकुमार मिश्रा निवासी बन्धौरा ने 500 में 483 अंक प्राप्त जिले की मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का क्षेत्र का नाम रोशन किया। नैंसी मिश्रा ने अपनी पढाई ए आर एम हायर सेकेंडरी स्कूल नयागांव से की। नैंसी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता जी एवं विद्यालय के शिक्षकों को दिया। उनका उद्देश्य भविष्य में गणित समूह से अध्यन कर यूपीएससी की परीक्षा मैं सफल होना है।

### मनगुंवा मानगढ़ सरपंच के पिता माधव सिंह का निधन



**बनवार**। जनपद जबेरा की ग्राम पंचायत मनगुवा मानगढ़ के सरपंच नवल सिंह के पिताश्री माधव सिंह का लंबी बीमारी के चलते 68 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्रह ग्राम मनगुवा मानगढ़ मुक्ति धाम में किया गया।अंतिम यात्रा में क्षेत्रीय विधायक संस्कृति पर्यटन मंत्री सहित क्षेत्र के सभी वर्ग समुदाय के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की। बता दें दिवंगत माधव सिंह अपने पीछे बड़े पुत्र सुंदर सिंह मझले राजेश सिंह छोटे नवल सिंह सरपंच तीन पुत्र दो पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### जिले के ओवरआल परिणाम कम आने पर शिक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल, क्या नकल पर सख्ती से कम आया परिणाम?

# दसवी का 41 तो बारहवी का 47 प्रतिशत रहा परिणाम

**एमपी बोर्ड के दसवी बारहवी के रिजल्ट ने किया निराश दोनो ही कक्षाओं में लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मप्र माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा गत दिवस परीक्षा परिणाम जारी किये गये। परिणामों में जहां टापर्स विद्यार्थियों ने तो प्रदेश की प्रवीण्य सूची में स्थान बनाकर जिले का मान बढ़ाया है लेकिन ओवरआल परिणाम अच्छे नहीं कहे जा सकते। दसवी का परीक्षा परिणाम 41 प्रतिशत रहा है तो वहीं बारहवी का परीक्षा परिणाम 47 प्रतिशत रहा। पिछले वर्षो की तुलना में इस वर्ष परिणाम बेहद कम रहा है। इस बार परिणाम कम होने को लेकर परीक्षा के दौरान कड़ी निगरानी के कारण नकल बिल्कुल न होना बताया जा रहा है हालांकि इसकी चोट सीधी जिले में चल रही शिक्षा व्यवस्था पर होगी। इस वर्ष के परिणाम को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बहुत मंथन करना होगा एवं शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की ओर विशेष प्रयास करने की जरूरत है। परिणाम को लेकर अधिकारी भी संतोषजनक नहीं मान रहे है वहीं पालक भी स्कूल में पढ़ाई के स्तर को दोष देते नजर आ रहे है। अच्छी बात यह है कि इस वर्ष जिले से पांच विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रवीण्य सूची में स्थान बनाया है जिससे प्रदेश में जिले का मान बढ़ा है लेकिन ऑवरआल परिणाम पर मंथन जरूरी है।

### दसवी में जनरल का सर्वश्रेष्ठ परिणाम

दसवी कक्षा का दमोह जिले को ओवर ऑल रिजल्ट 41 प्रतिशत रहा जबकि मप्र का ओवरआल परिणाम 54 प्रतिशत रहा है। जिले में 44 प्रतिशत लड़कियों ने सफलता प्राप्त की तो वहीं 38 प्रतिशत लड़के उत्तीर्ण हुये। परिणामों में लड़कियों ने बाजी मारी व लड़को को पछाड़ दिया। परिणामों में सामान्य वर्ग के बच्चों को परिणाम 64 प्रतिशत, एससी का 33 प्रतिशत, एसटी का 23 प्रतिशत एवं ओबीसी का 43 प्रतिशत रहा है। इन आंकडो में यदि प्राईवेट परीक्षा देने वाले छात्रों को भी मिल लिया जाये तो रिजल्ट का स्तर और भी गिर जाता है। नियमित व स्वध्यायी दोनो मिलाकर कुल 19078 परीक्षार्थियों ने दसवी की परीक्षा दी थी जिनमें से मात्र 7002 बच्चे पास हुये है यानि ओवरआल रिजल्ट महज 24.47 प्रतिशत रहा है।

### दसवी की जिले की प्रावीण्य सूची

दसवी कक्षा की जिले की प्रवीण्य सूची में काजल साकेत पिता उमेश साकेत सरस्वती स्कूल हटा प्रथम, अमृता चोरसिया पिता ओप्रकाश चौरसिया सरस्वती शिशु मंदिर हिण्डोरिया द्वितीय स्थान, स्मित कुमार पिता शिवराम पटेल एक्सीलेंस स्कूल दमोह द्वितीय स्थान, मोनिका विश्वकर्मा पिता कैलाश प्रसाद विश्वकर्मा नवजागृति स्कूल दमोह द्वितीय स्थान, रिचा पिता विनोद विश्वकर्मा हाई स्कूल गैसाबाद तृतीय स्थान पर रही है।

### बारहवी के परिणामों में भी लड़कियां आगे

जिलें में बारहवी के परीक्षा परिणाम 47 प्रतिशत रहा। जिल में 51 प्रतिशत लड़कियों ने सफलता पाई तो वहीं 43 प्रतिशत लड़के उत्तीर्ण हुये। परिणामों में लड़कियों ने बाजी मारी व लड़को को पछाड़ दिया। परिणामों में नियमित जनरल वर्ग के 63 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता पाई, ओबीसी 48 प्रतिशत, एससी 40 प्रतिशत , एसटी 31 प्रतिशत रहा। पिछले वर्ष की तुलना में परिणाम कम रहा। बारहवी कक्षा में नियमित 13842 विद्यार्थियों में से 6518 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुये है।

### कक्षा बारहवी की प्रावीण्य सूची

कक्षा बारहवी की जिले की प्रवीण्य सूची में सिंगपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल की यशोदा राय पिता डालचंद राय, खुशबू पिता बृजेश कुर्मी शासकीय स्कूल बेला पुरवा दमोह, उदितराज पिता द्वारका प्रसाद पटेल गुरूकुल इंगलिश मीडियम स्कूल हटा, अरूण यादव पिता नारायण यादव एक्सीलेंस स्कूल दमोह,अनुराग सिहं पिता महेन्द्र सिहं नंदवानी एक्सीलेंस स्कूल हटा, पूजा पटेल पिता केशव प्रसाद पटेल एक्सीलेंस स्कूल दमोह, अंश पिता लखन गुप्ता ओजस्विनी स्कूल दमोह, नाज पिता अमजद कुरैशी नव जागृति स्कूल दमोह, सिद्धी गुप्ता पिता सुशील गुप्ता एक्सीलेंस स्कूल दमोह के नाम है जिन्होने जिले में टॉप किये है।

## ऐसे इम्तहानों से घबराना नहीं है आगे बढ़ना हैः कलेक्टर श्री कोचर

दमोह। कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं के माध्यमिक शिक्षा मंडल के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुके हैं। इन परीक्षा परिणामों में जिन विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है, जो विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं और जो विद्यार्थी मेरिट में आए हैं, उन सभी विद्यार्थियों को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बधाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिंदगी में कई बार ऐसे मोड़ भी आते हैं जब हमें वह सब नहीं मिल पाता है, जो हम चाहते हैं। कई बार हमारे विद्यार्थी जीवन में हमको इन चीजों का सामना करना पड़ता है, हो सकता है की परीक्षा में कुछ विद्यार्थियों के नंबर अपेक्षा के अनुरूप नहीं आ पाये हों। मेरे ध्यान में लाया गया है कि हमारे जिले के एक-दो विद्यार्थियों के द्वारा इस सिलसिले में स्वयं को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया है। उन्होंने सभी बच्चों से आग्रह किया है किसी कारण से असफल हुए हैं, परीक्षा में जिनके नंबर कम आये हैं, आप इस बात को ध्यान रखें की परीक्षा कोई नंबर गेम नहीं है और इन नंबरों से आपके भविष्य की ऊंचाईयां तय नहीं होती है। आप कांसेप्ट्स को कितना अच्छा समझते हैं और उसके आधार पर कैसे आगे बढ़ते हैं यह बहुत इंपॉर्टेंट है और जिंदगी में यह तो एक परीक्षा है, ऐसी अनेक परीक्षाएं आती है। उन्होंने कहा छात्र-छात्राओं को हर समय किसी न किसी परीक्षा से गुजरना पड़ता है। जैसे इस समय निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने की परीक्षा से हम सभी गुजर रहे हैं और हर परीक्षा में हमें अपना धैर्य, अपना संयम, अपना जोश, अपना उत्साह बरकरार रखना पड़ता है, सकारात्मक बरकरार रखना पड़ता है, लगन और मेहनत से काम करना पड़ता है और फिर परिणाम बेहतर आते हैं। इसलिए मेरा आप सभी से अनुरोध है ऐसा कोई भी घातक कदम ना उठाएं। उन्होंने कहा मैं टीचर्स से भी अनुरोध करूंगा की बो केबल उन विद्यार्थियों को प्रोत्साहन और बधाई देने के बाद ना रुक जाए, जिन्होंने बहुत अच्छा किया है लेकिन जो विद्यार्थी अच्छा नहीं कर पाए हैं उनके साथ भी खड़ा रहना उतना ही जरूरी है। इस समय में हम सभी आपके साथ हैं और हमेशा रहेंगे। मेरी शुभकामनाएं आपके लिए कि आज भले ही परीक्षा परिणाम आपकी आशाओं के अनूरूप नहीं रहा हो लेकिन भविष्य में निश्चित रूप से आप फिर से उठेंगे, मेहनत करेंगे और अपने मुकाम को पाकर रहेंगे।

## यशोदा राय ने जिले में किया टॉपः 12वीं में 95.02 प्रतिशत मिले



**दमोह**। जबेरा जंप के हायर सेकेंडरी स्कूल सिंगपुर की कक्षा 12वीं की छात्रा यशोदा पिता दालचंद राय ने जिले में टॉप किया है। बेटी के टॉप किए जाने से घर में काफी उत्साह का माहौल है। यशोदा राय ने बताया कि वह 5 घंटे की पढ़ाई करती थी। उनकी इस पढ़ाई लिखाई में स्कूल और माता-पिता का भी विशेष सहयोग रहा है। विद्यालय के शिक्षक शिक्षकों का विशेष मार्गदर्शन रहा। यशोदा राय ने बताया कि वह पढ़ लिखकर सिविल सर्विस में जाना चाहती है। राशिका ने सभी विषय में विशेष योग्यता प्राप्त 95.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। यशोदा राय भले ही एमपी टॉप टेन में कुछ रह गई है लेकिन दमोह जिले में टॉप किया है हिंदी में 95 अंग्रेजी में 92 इतिहास में 100 में से 100 राजनीति विज्ञान में 96 अर्थशास्त्र में 93 से टोटल 500 मैसेज 476. अंक मिले हैं। पिता दालचंद राय ने बताया कि तीन बच्चे हैं। दो बेटी बड़ी हैं। यसोदा सबसे छोटी बेटी है, पिता किसान हैं। माता गायत्री गृहणी हैं। यशोदा पटना निवासी सामान्य किसान परिवार से आती हैं बड़ी मेहनत लगन के साथ अपनी पढ़ाई के बाद यह सफलता अर्जित की है। विद्यालय परिवार ग्राम वासियों के द्वारा सामान्य परिवार से किसान की बेटी की इस सफलता को लेकर सभी ने बहुत-बहुत शुभकामनाएं बधाई दी हैं।

## 12वीं में अरुण यादव ने गणित संकाय में 96.2 अंक अर्जित किए



**बनवार**। नोहटा निवासी शिक्षक नारायण यादव के बड़े पुत्र अरुन यादव शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह इंग्लिश मीडियम से कक्षा 12वीं गणित संकाय ने जिले में टॉप किया है। बेटे के टॉप किए जाने से घर में काफी उत्साह का माहौल है। अरुण यादव ने बताया उनकी इस पढ़ाई लिखाई में माता-पिता का भी विशेष सहयोग रहा है। विद्यालय के शिक्षक शिक्षकों का विशेष मार्गदर्शन रहा। अरुण यादव ने बताया कि वह पढ़ लिखकर यूपीएससी करके सिविल सर्विस में जाना चाहता हूं है। 96.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। क्षेत्र वासियों उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी इस सफलता के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### रक्षा दुबे का सुयश

**पथरिया**। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10 वी 12 वीं परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमे नगर के महारानी लक्ष्मी बाई हायर सेकंडरी विद्यालय की कला संकाय की छात्रा रक्षा दुबे ने बारहवी की परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम 90 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण कर अपने पिता कृषक राम सहाय, माता शांति देवी व ग्राम किंद्रहों का नाम रोशन किया है वह किंद्रहो से पथरिया प्रतिदिन साइकिल से आना जाना किया, रक्षा अपने विद्यालय परिवार और भाई बहिनों के लिए इस परिणाम का श्रेय देना चाहती है उनके ही सहयोग से संभव हो सका।

## काजल ने किया दसवीं में जिले में टॉप

**गुरुकुल विद्यालय 12वीं के छात्र ने 12वीं में प्रदेश में किया 11वां स्थान प्राप्त**





हटा। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में नगर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल में अध्यनरत होनहार बेटी काजल साकेत द्वारा कक्षा दसवीं में 500 अंक में से 483अंक प्राप्त कर जिले की प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान पर आकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस सफलता पर छात्रा के पिता उमेश साकेत ने अपनी बेटी की सफलता पर काफी खुश है एवं आगे उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। वही विद्यालय में अध्यनरत छात्रा भूमिका अठया ने 500 में से 465 अंक एवं वैष्णवी प्रजापति ने 500 अंको में 464 अंक प्राप्त किए। विद्यालय परिवार व श्रीरामकृष्ण शिक्षा समिति के सदस्यो द्वारा छात्राओं का बधाई प्रेषित की गई। वही नगर की गुरुकुल विद्यालय की कक्षा 12वीं के छात्र उदित राज पटेल गणित संकाय से 500 में से 481 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में 11वां स्थान प्राप्त नगर तथा जिले को गौरवान्वित किया।उदित राज पटेल जनपद पंचायत हटा में मनरेगा मैनेजर द्वारका पटेल के सुपुत्र है।

## श्रीयंशा वर्मा 93.2% अंक लाकर आई प्रथम



**हिंडोरिया**। नगर के राजेंद्र पाठक मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्यनरत श्रीयांशा वर्मा पिता राकेश वर्मा ने कक्षा 12वी की वार्षिक परीक्षा में अभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त करते हुए 93.2% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया । वार्षिक परीक्षा में 500 अंक में से 466 अंक प्राप्त कर नगर एवम आस पास के क्षेत्र में दूसरे स्थान पर रही । छात्रा को स्कूल के संचालक रोहन पाठक , प्राचार्य मेघा पाठक , अनीता ठाकुर , राम तिवारी , दीपक राज , अंजली पाठक , शेख सानिया , पार्वती ठाकुर , मृदुला वर्मा आदि ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

## ओम व शिवांश का सुयश





**झलौन**। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलौन के छात्र ओम पाठक ने कक्षा 12वींजीव विज्ञान संकाय में 92.4% अंक अर्जित कर विकासखंड तेंदूखेड़ा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कक्षा दसवीं में छात्र शिवांश चौराहा ने 88.2 प्रतिशत अंक अर्जित किये। विद्यालय का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 64. 9% एवं कक्षा 12वीं का 43.4% रहा। उक्त दोनों बच्चों को प्राचार्य एवं शिक्षकों, ग्राम के गणमान्य नागरिकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई एवं विद्यालय के परिणाम पर संतोष व्यक्त किया गया।

## कुंडलपुर से मुनिश्री अक्षय सागरजी का मंगल विहार



**कुंडलपुर**। विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थक्षेत्र सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में 16 अप्रैल को आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान हेतु युगश्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्यों का कुंडलपुर में समागम हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों का कुंडलपुर आगमन हो रहा है । जो पूज्य बड़े बाबा के दर्शन ,अभिषेक, पूजन का लाभ ले रहे हैं। मुनिश्री की आहारचर्या में आहार दान का सौभाग्य प्राप्त कर पुण्यार्जन कर रहे हैं । 23 अप्रैल से मुनि संघों का विहार का क्रम प्रारंभ हुआ। आज 25अप्रैल को कुंडलपुर क्षेत्र से मुनि संघ का विहार हुआ। आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से मुनिवरश्री अक्षय सागर जी महाराज ससंघ का मंगल विहार कुंडलपुर से हुआ। मुनि श्री सोम्यसागर जी महाराज, मुनि श्री निश्चल सागर जी महाराज, मुनि श्री निरापदसागर जी महाराज का मंगल विहार सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर से हुआ ।मुनि संघ की संभावित बिहार दिशा सम्मेदशिखर जी की ओर।

## पुलिस ने पैदल मार्च निकाला



**हिण्डोरिया**। सन्निकट लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए यूपी पुलिस एवं स्थानीय पुलिस बल के द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पर संयुक्त पैदल मार्च शाम के समय निकाला गया। इसके पूर्व सुबह के समय थाना क्षेत्र के गाँव आनू, बादंकपुर, टिकरी पिपरिया, बलारपुर मे भी निकाला गया। इस पैदल मार्च के माध्यम से चुनाव में कानून व्यवस्था की स्थिति को् व्यवस्थित बनाए रखने के संदर्भ में जनता को संदेश भी दिया गया। साथ ही अपराधियों को सचेत भी किया गया। टीआई अमित गौतम,सन्तोष बहादुर

## सालाना उर्स मुबारिक नूरी- फरीदी अकीदत के साथ सम्पन्न



**हिण्डोरिया**। मौलाना व मुर्शिदना हजरत मोहम्मद नूरुद्दीन शाह साहब जहांनिया जहांगश्त रायपुरी एवं मौलाना मुर्शिदना हजरत फरीद उद्दीन शाह साहब जहांनिया जहांगश्त सदऱे जहां रायपुरी की याद में मनाया जाने वाला सालाना उर्स मुबारिक नूरी- फरीदी उनके वतन कायमगंज रायपुर फरुखाबाद (यूपी) मे बडे. ही अकीदत एवं उल्लास के साथ मनाया गया। उर्स शरीफ सज्जादा नशीं पीर- ओ-तरीकत.हजरत हाजी कमाल उद्दीन खान साहब (कमाल मियां) की जेरे सरपरस्ती में सम्पन्न हुआ। उर्स के दौरान हुई महफिले शमां मे कव्वाल मतलूब- मंसूर न्याजी. एण्ड पार्टी (शमशाबाद) व्दारा यादगार कलाम पेश किये गये। उर्स शरीफ मे हिण्डोरिया, कटनी, दमोह, जबलपुर, गौसलपुर, अमानगंज, पवई सिमरिया, गढ़ाकोटा, सागर ,भोपाल, गैसाबाद, हटा, रनेह, पटेरा, फुटेरा, छतरपुर, कानपुर, पन्ना कल्याणपुर, नरसिंहपुर इत्यादि क्षेत्रों से शिरकत कर सैकडो.मुरीदों ने अपनी चादर दरगाह नूरी फरीदी मे बडी.अकीदत के साथ पेश की। उर्स के मौके पर पीरो मुर्शिद हाजी कमाल मियां साहब ने सभी इलाकों से हाजिर हुये मुरीदों एवं तमाम आलम, अपने वतन के इंसानों के हक मे उनकी खुशहाली, तरक्की, कामयाबी, इकजेहती की सामूहिक दुआ बडी. शिददत व आमीन की सदा के साथ मांगी। अंत मे कुल की न्याज के बाद उर्स समाप्त कर तबर्रूक वितरण किया गया। इसके बाद सभी हजरात अपने पीरो मुर्शिद से दर्श व दुआ लेकर अपने अपने वतन वापिस लौट आये।

## छात्र नंदकिशोर पटेल के घर पहुंचकर गुनौर विधायक ने दी बधाई

**पन्ना**।

जिले के गुनौर विधानसभा के युवा तेजतर्रार विधायक डॉ. राजेश वर्मा सभी वर्गो का ख्याल जहां सुख-दुख में तो रखते ही है वहीं छात्र नंदकिशोर पटेल पिता श्रीबृजकिशोर पटेल के घर पहुंचकर उसके उज्जवल भविष्य को शुभकामनायें व बधाई देने पहुंच गये। गौरतलब बात यह है कि छात्र नंदकिशोर पटेल ने एमपी बोर्ड परीक्षा में जहां सातवां स्थान प्राप्त किया है। विधायक राजेश वर्मा जो भावी भविष्य के निर्माण को लेकर भी उनके हौसला अफजाई को लेकर जिस तरह से आगे आये वह उनकी कार्यप्रणाली व दूरगामी सोच को लेकर माने जा रहे हैं।

## चेक पोस्ट पर पकड़ी गई 26 पाव अवैध देसी शराब

**हटा**। लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के निर्देशन एवं कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देष पर अनुविभाग हटा के अंतिम सीमा क्षेत्र सिलापरी में स्थैतिक निगरानी दल को नियुक्त कर चेक पोस्ट बनाई गई है जहां दमोह एवं हटा व आसपास के क्षेत्रो की ओर से आने वाले सभी चार पहिया दो पहिया वाहनों की चेकिंग की जा रही है एवं वाहन चालक सहित वाहन में बैठे अन्य लोगो की जानकारी निगरानी दल द्वारा नोट की जा रही है इसी क्रम में बुधवार के दिन एसएसटी टीम व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दोपहर में वाहन चेकिंग के दौरान अजय बारेला एवं कलू अठया निवासी कनौरा थाना रजपुरा से बाइक पर सवार होकर थैला में अवैध शराब लेकर जा रहे थे तभी चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान 26पाव देसी मसाला अवैध शराब जप्त कर रजपुरा पुलिस को कार्रवाई के लिए सौंपी गई।इस मौके पर नायब तहसीलदार मडियादो मंडल शिवराम चढ़ार वरि.कृ.वि.अधि.एमपी सिरवैया स.उ.निरी. हरिश्चंद्र दुबे रोज.सहायक जगत सिंह यादव की उपस्थिति रही।

## जीवन ज्योति बनी पिता का सहारा



**रनेह**। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से मिली 2 लाख की राशि पिता का सहारा बनी। अपने जवान बेटा को खोने के दुख से कुछ हद तक सांत्वना का कार्य करेगी। प्राप्त जानकारी अनुसार मध्यांचल ग्रामीण बैंक रनेह ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत मृतक के परिजनों को 2 लाख की बीमा राशि दी गई। शाखा प्रबंधक जयसिंह मीणा एवं कार्यालय सहायक मुर्शिद खान ने दुर्गेश नामदेव पिता भगवान दास नामदेव निवासी रनेह की मृत्यु पश्चात बीमा राशि 2 लाख उनके नॉमिनी पिता भगवान दास को दी गई। मध्यांचल ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक श्री मीणा ने सभी खाताधारकों से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा कराने का आग्रह किया है।

## स्वास्थ्य अमले ने दिलाई शपथ

**हटा**। मलेरिया एक बेहद गंभीर मच्छर जनित रोग है जिसे हम कुछ सावधानियां बरतें तो मच्छर हमारे यहां न पनप पाएगा और न ही हमें काट पायेगा और न ही हमें मलेरिया होगा। उक्त बातें विश्व मलेरिया दिवस पर सिविल अस्पताल में हुए शपथ ग्रहण के दौरान सीबीएमओ डॉक्टर उमाशंकर पटेल ने कही उन्होंने बताया कि हम अपने घरों में तथा आसपास जहां स्थाई रूप से पानी जमा हो जाता है और मच्छर पनपने लगते हैं उसका ध्यान रखते हुए पानी को भरा नहीं रहने देंगे। स्वयं के बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग, पूरी बाहों वाले कपड़े पहनना, नीम की पत्ती का धुंआ, मच्छर अगरबत्ती या मॉस्किटो रेपेलेंट का उपयोग करके इस रोग से बचे रहेंगे। हमारी समझदारी इसी में है कि मच्छरों को पनपने ही ना दें। यह संदेश जन जन तक पहुंचे यही उद्देश्य विश्व मलेरिया दिवस मनाने का है। शपथ लेने वालों में अस्पताल आए मरीज उनके परिजन तथा स्टाफ से विक्रम सिंह मेहदेले, श्रीमती सविता पाठक, श्रीमती अनीता परासर, सुशील पटेरिया,प्रेम प्रकाश तिवारी,आदित्य श्रॉफ, महेश कुमार,मलेरिया स्टाफ से हरिशंकर साहू ,मनीष श्रीवास्तव,लाखन सिंह, राकेश कुमार,घनश्याम घारू उपस्थिति रहे।

## शत प्रतिशत मतदान करने दिलाई गई शपथ



**पथरिया**। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी दमोह के निर्देशानुसार जिले में लगातार मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्विप गतिविधियों के अंतर्गत 24 अप्रैल 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में समस्त स्टाफ द्वारा मतदान जागरूकता व शत प्रतिशत मतदान हेतु सीबीएमओं की अध्यक्षता में बीपीएम,बीसीएम व स्टाफ की उपस्थिति में शपथ दिलाई गई।




# मतदाता...भाग्यविधाता

मतदाता भाग्यविधाता है उन सभी प्रत्याशियों को जो चुनावी मैदान में है। मतदाता भाग्यविधाता है अपने गांव का, क्षेत्र का, अपने जिले का, जिसके लिये वह जनप्रतिनिधि चुनेगा जो देश की संसद में जाकर राष्ट्र को चलाने में अपनी भूमिका अदा करेगा एवं क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। अगले पांच वर्ष के विकास का आगामी सरकार का, मतदाता भाग्यविधाता है। आज 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये पूरे प्रदेश के साथ जिले में भी मतदान होगा। इस बार मतदान का समय एक घंटे बढाया गया है। सुबह 7 बजे से मतदान केंद्रो पर मतदान शुरू होगा जो शाम 6 बजे तक चलेगा। हरिभूमि अपील करता है सभी मतदाताओं से कि मतदान करके लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लें व लोकतंत्र को मजबूत बनायें

## -प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा मतदान -मतदान दलों को सामग्री का वितरण कर किया रवाना, केंद्रो पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 07-दमोह संसदीय क्षेत्र का निर्वाचन आज 26 अप्रैल को प्रातः 07 बजे से प्रारंभ होकर शाम 6 बजे तक चलेगा। मतदान की प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिये मतदान दलों को स्थानीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से सामग्री वितरण की गई। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संबाशिवा और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र 54-पथरिया, 55-दमोह,56-जबेरा एवं 57-हटा (अजा) के स्ट्रांग रूमों को खोला गया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग आफीसर, जिला कोषालय अधिकारी अभिषेक हजारी सहित संबंधित जन मौजूद थे। सामग्री वितरण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने मतदान दलों की बैठक व्यवस्था, सामग्री वितरण स्थल, वाहन पार्किंग व्यवस्था आदि का जायजा लिया और मतदान दलों से सामग्री मिलने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने महिला कर्मियों से सामग्री वितरण के संबंध में चर्चा की और संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग आफीसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मतदान दलों के बैठने के लिये व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिसमें विधानसभा वार मतदान दलों को बैठने के लिये कुर्सी टेबिल, ईव्हीएम वितरण के लिये अलग-अलग काउंटर बनाये गये, कूलर लगाये गये हैं, नोडल अधिकारियों की बैठक व्यवस्था, एम्बुलेंस वाहन, फायर बिग्रेड वाहन, ठंडा पेयजल, दूध-मठा टेंकर, मेडीकल सहायता केन्द्र, पीओएल व्यवस्था कक्ष, पुलिस बल सामग्री वितरण कक्ष, कम्युनिकेशन कक्ष, उद्घोषणा कक्ष, चलित प्रसाधन के साथ बुनियादी व्यवस्थायें सुनिश्चित की गई।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कहा सभी दल यहां पर आ चुके हैं और सभी लोग इकट्ठा हो रहे हैं, अपनी-अपनी सामग्रियां ले रहे हैं, ईव्हीएम ले रहे हैं। लगभग 11 बजे के आसपास से मतदान दल रवाना होना शुरू हो जाएंगे। एक बार पूरी सामग्री का मिलान कर ले अच्छे से उसके बाद रवाना हों। बसों में सभी जगह पर रूट चार्ट लग गए हैं, बसों के गाइड बगैरा सभी उपलब्ध है, जैसे ही सामग्री पूरी एकत्रित हो जाएगी, उसके बाद पुलिस दल को साथ में लेकर के वाहन गाईड के माध्यम से बसें रवाना होना शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा जितने टेंट लगे हैं सभी जगह पर कूलरों की व्यवस्था की है, सभी के लिए ठंडा पानी उपलब्ध कराया गया है। अमूल और सांची के स्टाल लगाए गए हैं। इसके अलावा हमने 800 के करीब कैंपर रखे हैं, जिसमें सभी के लिए ठंडा और व्यवस्थित पानी उपलब्ध है, पानी की कोई दिक्कत नहीं है। इसके साथ ही 6 एम्बुलेंस और 6 फायर फाईटर लगाये है, डॉक्टर की टीम हर विधानसभा क्षेत्र में है, सभी मतदान अधिकारियों को, मतदान दलों को और साथ में सेक्टर अधिकारियों को दवाइयों के पाऊच दिए हैं, इसके अलावा उनको वीडियो गाइड भी दी गई है कि कौन-कौन सी दवाई आपको किस काम में लेनी है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए ये सारी व्यवस्थाएं करने काम किया गया है।







### इनके जज्बे को सलाम



दमोह। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान दल अपने-अपने मतदान केन्द्र के लिए रवाना हुए। इसी क्रम में 86 वर्षीय गांव के कोटवार हरिराम मतदान पेटियां लेकर और उत्साह पूर्वक मतदान कराने के लिए पूरे उमंग तथा जोश के साथ पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुंचकर अपने कर्तव्य पथ की ओर रवाना हुए।

### महिला मतदान अधिकारियों में उत्साह



दमोह । लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत सामग्री वितरण के दौरान महिला मतदान अधिकारियों में गजब का उत्साह रहा। उनसे बात करने पर उन्होंने कहा कि हम पूरे उत्साह से अपने काम के लिए जा रहे हैं और अपना काम कर लौटेंगे। आज यह देखकर लगा कि महिलाएं भी किसी काम करने के लिए पीछे नहीं हैं, उनका उत्साह देखकर सभी के मन को अच्छा लगा।

### लोकतंत्र को मजबूत बनाएं

दमोह। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 07-दमोह संसदीय क्षेत्र में मतदान आज 26 अप्रैल को निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने 07-दमोह लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से आग्रह किया है 26 अप्रैल यानी शुक्रवार के दिन मतदान की तिथि तय हुई है। इस दिन सुबह 07 बजे से लेकर शाम को 06 बजे तक विभिन्न मतदान केन्द्रों में वोटिंग होगी। उन्होंने सभी मतदाताओं से बार-बार आग्रह है कि आपका मत आपकी आवाज है, चुनाव का पर्व देश का पर्व है, हम सभी गर्व से मतदान करें ।

## मतदान केंद्र के पास मोबाइल का उपयोग प्रतिबंधित : कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने विशेष करके युवाओं से आग्रह करते हुये कहा है कि जो सोशल मीडिया का बहुत ज्यादा उपयोग करते हैं, उन सभी से जो सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर है, मोबाइल का उपयोग करने वाले लोग है। वे इस बात का ध्यान रखे मतदान केंद्र के 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के मोबाइल के उपयोग को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है, ऐसी स्थिति में मतदान केंद्र का, मतदान कर्मियों का, मतदाताओं का किसी भी प्रकार का वीडियो बनाना, सेल्फी लेना 100 मीटर के अंदर प्रतिबंधित है। उन्होंने सभी से पुनः अनुरोध करते हुए कहा है कि यह सब काम बिल्कुल भी ना करें की 100 मीटर की परिधि में आकर आप इस तरह का कोई वीडियो बनाएं या खुद का वीडियो बनाएं, सेल्फी ले और डालें। यदि आप ऐसे करते हैं तो इसकी शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल आपके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जा सकती है और आपके विरुद्ध कार्रवाई हो सकती है।

## दूल्हा-दुल्हन और परिजन भी मतदान में सहभागिता निभायें

**दमोह।** 07-दमोह संसदीय क्षेत्र में आज 26 अप्रैल को मतदान होगा, इसी के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है मतदान के दिन बहुत शादियां भी है, कई परिवारों में शादियां रहेंगी, विवाह समारोह होंगे। मेरी शुभकामनाएं उनके साथ है। लेकिन मेरा आग्रह भी है कि जो दूल्हा-दुल्हन है, दूल्हा दुल्हन के परिवार वाले जो कि यहां के मतदाता है, वह सभी लोग अपने व्यस्त समय में से समय निकालकर मतदान के लिए अवश्य जाएं, वहां पर उनको प्राथमिकता दी जाएगी ताकि वे मतदान करने के बाद शादी की रस्मों को ठीक से पूरा कर सके। आपका मत आपकी आवाज है।

## मतदाता पर्ची के साथ निर्वाचन कार्ड जरूर लेकर जाएं

**दमोह।** 07-दमोह संसदीय क्षेत्र में आज 26 अप्रैल को मतदान निर्धारित है, इसी के मद्धेनजर मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कहा चुनाव का पर्व देश का गर्व है, मतदान के लिए आयोग की व्यवस्था अनुसार घर-घर जाकर मतदाता पर्चियां का वितरण किया है, मतदाता पर्ची इस बात का प्रमाण है कि आप यहां के वोटर है, यह आपका मतदान केंद्र है, यहां पर आपको वोट डालने के लिए जाना है, यह इसकी निश्चिंतता का प्रतीक है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने कहा मतदान करने के लिए मतदाता पर्ची का होना पर्याप्त नहीं है। मतदान करने के लिए 13 दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज का होना जरूरी है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण एपिक कार्ड है, यानी आपका निर्वाचन कार्ड। मेरा आप सभी से आग्रह है कि जब मतदान करने के लिए जाएं तो मतदाता पर्ची के साथ अपना एपिक कार्ड यानी निर्वाचन कार्ड जरूर लेकर जाए। आपका मत आपकी आवाज है, यदि आपके पास निर्वाचन कार्ड किसी कारण से नहीं है तो ऐसी स्थिति में आप आधार कार्ड का उपयोग कर सकते हैं, बैंक खाते की पासबुक का उपयोग कर सकते हैं, चुनाव का पर्व देश का गर्व है सरकारी अधिकारी-कर्मचारी या जनप्रतिनिधिगण अपने जो संवैधानिक पद पर है अपने आईकार्ड का उपयोग कर सकते हैं। इस प्रकार जो अलग-अलग वैधानिक कार्ड जिनकी मान्यता अधिमान्यता आयोग के द्वारा की गई है उनमें से किसी एक का उपयोग कर सकते हैं। आओ गर्व से मतदान करें।

# लोस क्षेत्र के 19 लाख 22 हजार 698 मतदाता करेंगे मतदान

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 07-दमोह संसदीय क्षेत्र में आज 26 अप्रैल 2024 को मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कहा है दमोह संसदीय क्षेत्र में 08 विधानसभायें यथा 38-देवरी, 39-रहली, 42-बंडा, 53-मलहरा, 54- पथरिया 55-दमोह, 56 जबेरा एवं 57-हटा (एससी) में 19 लाख 22 हजार 698 मतदाता हैं, इनमें 10 लाख 07 हजार 827 पुरूष, 9 लाख 14 हजार 853 महिलायें तथा 18 अन्य शामिल हैं। इन 08 विधानसभाओं में 2285 मतदान केन्द्र हैं. लोकेशन 1793, मॉडल 81, दिव्यांग प्रबंधन 11, महिला प्रबंधन 105, महिला+पुरूष 729 तथा ईको फ्रेंडली प्रबंधन 07 केन्द्र है, 10600 मतदानकर्मी, 247 सेक्टर टीम, 401 माईक्रो आब्जरवर, 27 एफएसटी एवं 29 एसएसटी बनाई गई है। उन्होंने बताया कुल मतदानकर्मियों की संख्या दमोह में 6120, सागर में 3384 एवं छतरपुर में 1140, सेक्टर अधिकारियों की संख्या दमोह में 146, सागर में 78 एवं छतरपुर में 23, माइक्रो आर्जवर की संख्या दमोह में 270, सागर में 84 एवं छतरपुर में 47, बूथ लेवल ऑफिसर्स बीएलओ की संख्या दमोह में 1168, सागर में 846 एवं छतरपुर में 271 तथा बीएलओ सुपरवाईजर दमोह में 117, सागर में 85 एवं छतरपुर में 27 है। इसी प्रकार संसदीय क्षेत्र में 13 हजार 402 दिव्यांग मतदाता है जिनमें 38-देवरी में 1067 दिव्यांग, 39-रहली 2103 दिव्यांग, 42- बंडा 2426 दिव्यांग, 53-मलहरा 2001 दिव्यांग, 54-पथरिया 1888 दिव्यांग 55-दमोह 1311 दिव्यांग, 56 जबेरा 1354 दिव्यांग एवं 57-हटा (एससी) में 1252 दिव्यांग मतदाता है।

## ईको फ्रेंडली पोलिंग बूथ




**हटा।** नगर पालिका टीम द्वारा नवोदय वार्ड (खचना नाका क्षेत्र) में ईको फ्रेंडली पोलिंग बूथ बनाया है जिसे बेहद आकर्षक और साज सज्जा से परिपूर्ण इस मतदान केंद्र को पारम्परिक ढंग से तैयार किया गया है। केंद्र में आकर्षक पेंटिंग, चौक,रंगोली बनाई गई है। जो मतदान केंद्र नगर में मतदाताओं को आकर्षण का केंद्र बना हुआ है युवा वर्ग एवं छोटे-छोटे बच्चे मतदान की पूर्व संध्या पर सेल्फी लेने पहुंच रहे हैं। यहां पर मतदान करने वाले मतदाताओं मैं भी अपने इस मतदान केंद्र पर मतदान करने के लिए काफी उत्सुकता बनी हुई है नगर पालिका द्वारा की गई इस अनोखी पहल से अंदाजा लगाया जा रहा है कि शायद इस आकर्षित साज सज्जा वाले मतदान केंद्र पर सबसे ज्यादा मतदान होने की संभावना है।

## ईव्हीएम संबंधी समस्या उत्पन्न होती है तो ये करें

**दमोह ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 संपन्न कराये जाने हेतु कार्यालयीन आदेश द्वारा मास्टर ट्रेनर्स को जिला/विकासखण्डवार पदाविहित किया गया है। 26 अप्रैल को ईव्हीएम संबंधी यदि किसी भी तरह की तकनीकी समस्या उत्पन्न होती है, तो मास्टर ट्रेनर मुकेश द्विवेदी मो.नं.-9424914344, एस.एन. हसन मो.नं.- 9926759159, मोहन राय मो.नं.-9826444951, मुकेश गूजरे मो.नं-9993189305 एवं दिलीप जोशी के मो.नं-9993182927 पर विडियों कॉलिंग के माध्यम से समस्या निदान हेतु समस्त पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी संपर्क कर सकेंगे।

## महिला ने युवक को चप्पलों से पीटा

**दमोह।** कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र के अस्पताल चौराहा पर अचानक एक महिला द्वारा एक युवक की चप्पलों से पिटाई करने लगी। यहां मजमा देखने लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामला पुराने विवाद का सामने आ रहा था जिसमें इस महिला को युवक ने सरे राह थप्पड़ मार दिया था, जैसे ही अस्पताल चौराहे पर युवक पहुंचा महिला ने अपनी चप्पल उतारी और उसे पीटना शुरू कर दिया। युवक नब्बू खान आदतन गुंडा है और उसका अपने बड़े भाई से विवाद हुआ था। उसके बाद जब यह महिला अपने पति के साथ चप्पल लेने बाजार आई तो नब्बू ने उसे सरेराह थप्पड़ मार दिया,जिसका गुस्सा इस महिला ने अस्पताल चौराहे पर उतारा और चप्पलों से उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने पहुंचकर मामले का शांत कराया।

## परीक्षा परिणाम से आहत छात्रा ने फांसी लगाई

**दमोह।** मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा कल घोषित किया गया हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम अनेक विद्यार्थियों के उम्मीद के विपरीत रहा है। वहीं कुछ छात्र छात्राओं के द्वारा हताशा में आत्मघाती कदम उठाए जाने की कोशिश किए जाने की जानकारी सामने आई है जिनमें से एक छात्रा की मौत हो जाना भी बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह केस्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 12वीं की छात्रा निकिता उम्र 18 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगा ली इसके बाद परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों का कहना है कि कक्षा 12वीं की परीक्षा मैं फेल हो जाने की वजह से कल से निकिता तनाव में थी तथा आज भी वह गुमसुम बनी हुई थी। मध्य प्रदेश शिक्षा मंडल के 10वीं 12वीं के नतीजे आने के बाद बुधवार शाम तीन अलग -अलग क्षेत्र से तीन छात्राओं के जहरीले पदार्थ का सेवन कर लेने पर अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। दमोह की कक्षा दसवीं की 15 वर्षीय छात्रा के फेल हो जाने पर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था वहीं कुम्हारी क्षेत्र की कक्षा 12वीं की एक छात्रा ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लेने पर उसे भी गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया था। इधर हटा क्षेत्र की एक छात्रा को भी जहरीला पदार्थ का सेवन कर लेने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बताया गया है कि तीनों छात्राएं बोर्ड परीक्षा में फेल हो गई थी उसके बाद उन्होंने यह कदम उठाया था

## सचिव निलंबित

**दमोह।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह अर्पित वर्मा ने जनपद पंचायत पथरिया की ग्राम पंचायत हरद्वानी एवं देवरान के सचिव प्रभु दयाल पटेल को सोशल मीडिया पर राजनैतिक पोस्ट डाले जाने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## शिक्षक निलंबित

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले मे शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय रनेह में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक दुर्गा प्रसाद प्यासी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शिक्षक पर पिछले दिनों सोशल मीडिया पर राजनैतिक पोस्ट डालने के मामले में यह कार्यवाही की गई है।

## ग्रीष्मकालीन वाचना हेतु श्रीफल अर्पित

**कुंडलपुर ।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में विराजमान युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज को ग्रीष्मकालीन वाचना कुंडलपुर में करने हेतु कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारी सदस्यों ने श्रीफल अर्पित कर निवेदन किया ।आचार्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष चंद्रकुमार सराफ, डॉ रमेश बजाज, रमेश गोयल, इंजीनियर आरके जैन ,नेमकुमार सराफ ,पदमचंद खली ,अनिल मम्मा ,संजय कुबेर, के सी जैन, पुरुषोत्तम जैन, इंजीनियर अमर जैन ,ऋषभ खड़े री आदि की उपस्थिति रही।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

इटवा लाडन बाग दुबे परिवार द्वारा आयोजन 25 अप्रेल से 2 मई शाम 5 बजे से हरि इच्छा तक श्रीमद् भागवत महा पुराण पवित्र वैशाख मास में जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला ग्रामीण श्रद्धालु शामिल रहे कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा में *कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी* ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। किशोरी जी ने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियो को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। किशोरी जी ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था। मुख्य यजमान पंडित माधव प्रसाद श्रीमती सुमतरानी दुबे एवं समस्त दुबे परिवार ने कथा श्रवण करने की अपील की है।

**नाम संशोधन सूचना**

शपथकर्ता मो. मुस्तकीम कुरेशी उम्र 69 वर्ष पिता नन्हू कुरैशी निवासी बजरिया वार्ड नं 1 ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक P4295602 में मेरा नाम कुरेशी मोहम्मद मुस्तकीम QURASHI MOHAMMAD MUSTAKIM दर्ज है जो गलत है। अत: मेरे अन्य दस्तावेज आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम मोहम्मद मुस्तकीम कुरेशी MOHAMMAD MUSTAKEEM QURASHI दर्ज हो। साथ ही अन्य सभी दस्तावेजों में भी उपरोक्तानुसार नाम दर्ज हो व इसी नाम से ही मुझे लिखा, पढ़ा जाये।

**नाम संशोधन सूचना**

शपथकर्ता नाजनीन कुरेशी उम्र 59 वर्ष पति मोहम्मद मुस्तकीम कुरेशी निवासी बजरिया वार्ड नं 1 दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक T5797399 में मेरा नाम खान कु. नाजनीन NAZNEEN KHAN दर्ज है जो गलत है। अत: मेरे अन्य दस्तावेज आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम नाजनीन कुरेशी NAZNEEN QURASHI पति MOHAMMAD MUSTAKEEM QURASHI दर्ज किया जावे। साथ ही अन्य सभी दस्तावेजों में भी उपरोक्तानुसार नाम दर्ज हो व इसी नाम से ही मुझे लिखा, पढ़ा जाये।

**नाम संशोधन सूचना**

शपथकर्ता आकिब कुरेशी उम्र 29 वर्ष पिता मोहम्मद मुस्तकीम कुरेशी निवासी बजरिया वार्ड नं 1 दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक T5796998 में मेरा नाम खान आकिब KHAN AQUIB दर्ज है जो गलत है। अत: मेरे अन्य दस्तावेज आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम आकिब कुरेशी AQUIB QURASHI पिता MOHAMMAD MUSTAKEEM QURASHI दर्ज किया जावे। साथ ही अन्य सभी दस्तावेजों में भी उपरोक्तानुसार नाम दर्ज हो व इसी नाम से ही मुझे लिखा, पढ़ा जाये।

In The Court Of Civil Judge Class-II, Civil Court Patharia, District Damoh
Presiding Officer : राजेन्द्र बर्मन
**वाद के निपटारे के लिये समन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
(RCS A/0000006/2024)
इमरत सिंह
Vs
आम जनता
Process Id - 112
पेशी दिनांक :- 24/05/2024

आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक इमरत सिंह पिता राम सिंह लोधी ने सिविल डैथ की घोषणा बावत वाद संस्थितकिया है यदि किसी को कोई आपत्ति हो या इस बावत कोई जानकारी हो तो इस न्यायालय में दिनांक 24/05/2024 को या इसके पूर्व अपने समस्त दस्तावेज सहित उपस्थित होकर पेश करें। यदि उपर बताई गई तारीख में इस न्यायालय में उपस्थित होकर कोई आपत्ति या कोई जानकारी प्रस्तुत नहीं करोगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय कर दिया जावेगा।

यह आज तारीख 22 April 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मुद्रा
राजेन्द्र बर्मन
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड
पथरिया, जिला दमोह (म.प्र.)